**सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस**

**दिनांक –23.09.2023**

**"आपरेशन पाताल"के तहत थाना आटा पुलिस द्वारा 25,000/-रु0 के ईनामी अभियुक्त (51वें पुरस्कार घोषित अपराधी) को अवैध असलाह करातूस के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

थाना आटा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर 25000/- रूपये के ईनामिया अभियुक्त हिमांशु भदौरिया पुत्र भूपेन्द्र भदौरिया नि० ग्राम गुबरिया थाना सौरिख जनपद कन्नौज को ग्राम चमारी थाना आटा जनपद जालौन के पास से अवैध असलाह कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अवैध असलाह की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आटा में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण** –

हिमांशु भदौरिया पुत्र भूपेन्द्र भदौरिया नि० ग्राम गुबरिया थाना सौरिख जनपद कन्नौज।

**बरामदगी का विवरण-** 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस।

**गिरफ्तार अभियुक्त हिमांशु भदौरिया का आपराधिक इतिहास-**

01. मु0अ0सं0 240/2022 धारा 395/397/412/420/482 भादवि थाना कोत० जालौन
02. मु0अ0सं0 304/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना कोत० जालौन
03. मु0अ0सं0 185/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना आटा

**गिरफ्तार करने वाली टीम** –

थाना प्रभारी आटा मय टीम।